Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding development of Ambala in Haryana -laid.

श्री रतन लाल कटारिया (अम्बाला): मैं माननीय प्रधानमंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं कि दिल्ली, गुरुग्राम और फरीदाबाद ऐसे बड़े शहर हैं, जहां जनसंख्या के क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षो में रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि हुई हैं और अब इन स्थानों पर ज्यादा जनसंख्या के समावेश की गुंजाइश नहीं हैं1 दिल्ली से 200 किलोमीटर की दूरी पर अंबाला एक ऐसा महत्वपूर्ण स्थान है, जो पंजाब, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, चंडीगढ़, उत्तराखंड, हिमाचल व पश्चिम उत्तर प्रदेश को आपस में जोड़ता है1 यदि भारत सरकार अंबाला लोकसभा के इस क्षेत्र में डिफेंस कॉरिडोर, प्रतिरक्षा एरोस्पेस, वेयरहाउसिंग हब, डाटा सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक वाइकल और फार्मा उद्योग स्थापित करती है तो इस क्षेत्र में ना केवल हरियाणा प्रदेश बल्कि 7 राज्यों/संघ राज्यों के लिए भी आर्थिक विकास में वृद्धि व रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं1 अत: इस क्षेत्र में उपरोक्त संस्थागत ढांचा खड़ा करने से नई-नई प्रतिभाओं और कौशल विकास के नये आयाम स्थापित होगें1

माननीय प्रधानमंत्री जी ने 16 जनवरी को राष्ट्रीय स्टार्ट-अप दिवस घोषित किया है1 अंबाला लोकसभा में उपरोक्त सुविधाएं प्रदान कराना स्टार्ट-अप की दृष्टि से इस क्षेत्र में एक सुनहरे युग की शुरुआत होगी1